BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

COMPILED BY MEDIA CELL (17.02.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 17.02.2025, PAGE-05

राजनीति विज्ञान विभाग में सेमिनार आज से

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के राजनीति विज्ञान विभाग में सोमवार से इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च की तरफ दो दिवसीय सेमिनार का किया जाएगा। राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य विषय 'भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का ऐतिहासिक विकास' है।

विवि राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक प्रो नीलम कुमारी ने बताया कि 17 व 18 फरवरी को सेमिनार होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव होंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय करेंगे। इसमें दिल्ली विवि के वरिष्ठ प्रोफेसर संगीत कुमार रागी शामिल होंगे।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 17.02.2025, PAGE-04

निर्देश: स्नातक में पर्यावरण की पढ़ाई कराना अनिवार्य

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि में स्नातक कोर्स में पर्यावरण की पढ़ाई अनिवार्य रूप से कराई जाएगी। यूजीसी ने इस बारे में विश्वविद्यालय को निर्देश दिया है। यूजीसी ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सभी विश्वविद्यालयों में पर्यावरण विषय की पढ़ाई इसी सत्र से कराई जानी है।

पारंपरिक कोर्स के साथ वोकेशनल कोर्स में भी पर्यावरण विषय की पढ़ाई होनी है। यूजीसी ने इस बारे में सभी विश्वविद्यलायों से फीडबैक भी मांगा है। यूजीसी का कहना है कि पर्यावरण सरंक्षण के लिए छात्रों को इसके प्रति जागरूक करना जरूरी है। उच्च शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण के बारे में कोर्स शुरू कर छात्रों को इसके प्रति जागरूक किया जा सकता है। बीआरएबीयू में अभी पीजी कोर्स में पर्यावरण विषय की पढ़ाई चल रही है। हालांकि, इस विषय को कोई शिक्षक विवि में नहीं हैं। यूजीसी का कहना है कि नई शिक्षा नीति के तहत भी पर्यावरण का कोर्स स्नातक में पढ़ाना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय अपने हिसाब से पर्यावरण से संबंधित कोई भी विषय रख सकते हैं।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR

DATE : 17.02.2025

PAGE-06

पीजी राजनीतिक विज्ञान विभाग में सेमिनार आज

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी राजनीति विज्ञान विभाग में दो दिवसीय सेमिनार की शुरुआत सोमवार से होगी। पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक प्रो. नीलम कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव हैं। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय करेंगे। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर बीज वक्तव्य दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. संगीत कुमार रागी देंगे।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

Ref:.................... **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 17.02.2025, PAGE-04

राजनीति विज्ञान विभाग में सेमिनार आज

मुजफ्फरपुर. बीआरएबीयू के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्त्वावधान में इंडियन कौंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन सोमवार से शुरू होगा.राष्ट्रीय सेमिनार का मुख्य विषय है ₹भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का ऐतिहासिक विकास₹ है. राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक प्रो नीलम ने बताया कि 17 व 18 फरवरी को भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा. कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव होंगे. उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय करेंगे. सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर बीज वक्तव्य राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर संगीत कुमार रागी प्रस्तुत करेंगे. दूसरे दिन राज्यसभा के पूर्व सदस्य प्रो राकेश सिन्हा होंगे. समन्वयक डॉ दिलीप व आयोजन सचिव डॉ अमर बहादुर शुक्ला बने हैं.